Result Mitra Daily Magazine

सरको सुसाइडल पॉड

➢ हालिया संदर्भ :

- स्विट्जरलैंड पुलिस ने एक 64 वर्षीय अमेरिकी महिला की 'सुसाइड पॉड' द्वारा की गई हत्या में शामिल होने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।
- मृत महिला कथित तौर पर वर्षों से ऑटोइम्यून स्थिति से पीड़ित थी।
- 'ऑटोइम्यून' एक ऐसी स्थिति होती है, जब शरीर के स्व–प्रतिरक्षा तंत्र शरीर में उपस्थित स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाने लगती हैं।

➢ सरको पॉड :

- इसे 'सुसाइडल पॉड' भी कहा जाता है, जिसे ऑस्ट्रेलियाई चिकित्सक डॉ. फिलिप निश्चके ने तैयार किया था, जिन्होंने इच्छा मृत्यु समर्थक संगठन 'Exit International' की स्थापना की थी।

- इसका नामकरण प्राचीन राजघरानों को दफनाने में प्रयोग होने वाले पत्थर के ताबूत 'सरको' के नाम पर हुआ, जो एक एयर–टाइट मशीन है।
- इसे पहली बार 2019 में बनाया गया था। इसमें एक 3–D प्रिंटेड डिटेचेबल कैप्सूल लगा होता है, जिसमें तरल नाइट्रोजन भरा रहता है।
- इसमें अंदर लेटा हुआ व्यक्ति एक बटन दबाता है, जिससे अंदर नाइट्रोजन गैस भर जाता है और व्यक्ति ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में थोड़ी देर में बेहोश हो जाता है फिर थोड़ी देर बाद मृत हो जाता है।
- इसके डिजाइन का निर्माण नीदरलैंड में निटस्के एवं एलेक्स बैनिंक ने किया था।
- पॉड का निर्माण सहायता प्राप्त मृत्यु और सहायता प्राप्त आत्महत्या के इच्छुक व्यक्तियों के लिए किया गया था।
- यह एक पोर्टेबल डिवाइस है, जिसे लोग स्विट्जरलैंड के एक खास जगह पर ले जाकर प्रयोग में लाते हैं, जिसे 'मृत्यु पर्यटक स्थल' का नाम मिला है।

➢ इच्छा मृत्यु एवं सहायता प्राप्त मृत्यु :

- ये दोनों ही ऐसे तरीके हैं, जिसका उपयोग कोई व्यक्ति जान–बूझकर अपना जीवन समाप्त करने के लिए कर सकता है।
- इच्छामृत्यु वाली स्थिति में व्यक्ति को घातक दवाओं के लिए चिकित्सक पर निर्भर रहना पड़ता है।
- इच्छामृत्यु स्वैच्छिक एवं अनैच्छिक दो प्रकार की होती है।
- स्वैच्छिक में जहां रोगी स्वयं सहमति देता है, वही अनैच्छिक में वह कोमा जैसी स्थिति में होता है।
- सहायता प्राप्त मृत्यु में चिकित्सा भागीदारी केवल घातक दवा की खरीददारी तक सीमित होता है।
- सहायता प्राप्त आत्महत्या में इच्छुक व्यक्ति को मृत्यु पाने में सहायता करना है, अगर वह व्यक्ति गंभीर बीमारी से ग्रसित है।

➢ **कानूनी प्रावधान :**

- स्विट्जरलैंड में सक्रिय इच्छा मृत्यु पर प्रतिबंध है, लेकिन सहायता प्राप्त मृत्यु एवं आत्महत्या वैध है, बशर्ते जो लोग उनकी मदद कर रहे हैं, उनका उस मृत्यु में कोई स्वार्थ निहित न हो।
- सरको पॉड हर व्यक्ति के लिए उपलब्ध नहीं होता है, बल्कि इच्छुक व्यक्ति को पहले एक ऑनलाइन मानसिक फिटनेस टेस्ट पास करना होता है।
- टेस्ट पास करने के बाद व्यक्ति को Access Code प्राप्त होता है, जो 24 घंटे के लिए वैध होता है।

Result Mitra TM